# टीकमगढ़



नवभारत
भोपाल, सोमवार, 01 दिसम्बर 2025

**एक नजर में**

## पूर्व मुख्यमंत्री ने किए भगवान के दर्शन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अपनी मां की स्मृति में तीन दिवसीय पदयात्रा निकाल रही हैं। जिसकी शुरुआत आज दोपहर टीकमगढ़ जिले की खरगापुर विधानसभा के गररोली गांव से शुरू होकर उनके पैतृक गांव डूडा में समाप्त होगी।**

उमा भारती ने बताया कि उनकी मां को पालकी या बैलगाड़ी में चक्कर आते थेए इसलिए वे अपने मायके गरोली से ससुराल डूडा तक पैदल ही यात्रा करती थीं। इसी परंपरा को याद करते हुए उमा भारती यह यात्रा निकाल रही हैं। यह यात्रा कछिया खेराए सूरजपुर और बड़ागांव होते हुए 2 दिसंबर को डूडा पहुंचेगीए जहां वह एक जनसभा को संबोधित करेंगी।

यात्रा शुरू करने से पहले रविवार सुबह उमा भारती ने शहर से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध धूरकोट हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा .अर्चना की। इससे पहले शनिवार रात उन्होंने कांग्रेस के पूर्व विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण मिश्रा के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और पुरानी यादें ताजा कीं। यह यात्रा उमा भारती के भतीजे राहुल की खरगापुर विधानसभा क्षेत्र से गुजर रही हैए जहां से राहुल पिछला चुनाव हार चुके हैं। इस यात्रा को राजनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# समाधान योजना में लापरवाही पर होगा एक्शन

**कार्यपालन अभियंता ने मोहनगढ़ केन्द्र में ली बैठक**

**समाधान योजना में मिली धीमी गति, जताई नाराजगी**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/मोहनगढ़। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने मोहनगढ़ वितरण केंद्र के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें समाधान योजना की बेहद धीमी प्रगति पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया गया। समाधान योजना के अंतर्गत सर्चार्ज माफी के बाद बिल जमा कराने में मोहनगढ़ केंद्र की अपेक्षित कार्यवाही न होने को गंभीर कमी मानते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक कर्मचारी प्रतिदिन कम से कम दस उपभोक्ताओं का बिल समाधान योजना में जमा कराए।**

यह भी स्पष्ट किया गया है कि कि निर्धारित लक्ष्य से कम उपलब्धि पर इस बार शिथिलता नहीं बरती जाएगी और आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा।

बैठक में अस्थायी पंप कनेक्शन की अत्यंत कम प्रगति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इस कार्य में लम्बे समय से देखी जा रही ढिलाई को स्वीकार न करते हुए अंतिम समय सीमा निर्धारित की गई। यह दो टूक कहा गया कि यदि तय समय में लक्ष्य पूरा नहीं होता हैए तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे। पंप कनेक्शन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में विलंब को विभाग ने सीधे-सीधे उपभोक्ता हितों तथा नियोजन अनुशासन से समझौता माना है।

कार्यपालन अभियंता सुधीर सोनी ने उपकेंद्र निरीक्षण के दौरान आईओएमएस पोर्टल पर एंट्री में पाई गई अनियमितताओं को भी गंभीरता से नोट किया गया।

समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि कई बार परमिटों का निर्गमन आईओएमस में समय पर एंट्री किए बिना किया जा रहा है। इसे सुरक्षा, नियम तथा संचालन प्रक्रियाओं का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए सब स्टेशन ऑपरेटर को सख्त निर्देश दिए गए कि आगे से बिना आईओएमएस पर पूर्ण एवं सही एंट्री किए किसी भी प्रकार का कार्य परमिट जारी न किया जाए। विभाग ने यह स्पष्ट किया कि इस निर्देश की अवहेलना को शून्य, सहिष्णुता सिद्धांत के तहत देखा जाएगा।

इसके साथ ही पंप फीडर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हेतु नई दस घंटे की सप्लाई समय.सारणी लागू करने के आदेश दिए गए हैं। नई व्यवस्था के अनुसार पंप फीडर को प्रतिदिन प्रात: 9.45 से दोपहर 3. 45 बजे तक छह घंटे और रात्रि 12. 45 से प्रात: 4. 45 बजे तक चार घंटे संचालित किया जाएगा। कुल मिलाकर प्रतिदिन दस घंटे की नियंत्रित एवं नियोजित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना सभी संबंधित कर्मचारियों की प्रत्यक्ष जिम्मेदारी रहेगी और इसके पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**अतिरिक्त सप्लाई की प्रति यूनिट राशि कर्मचारी से वसूल होगी**

अंत में यह स्पष्ट निर्देश भी दिए गए कि निर्धारित समय-सारणी से अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति दिए जाने पर विभागीय नियमों के अनुसार अतिरिक्त सप्लाई की प्रति यूनिट राशि सीधे संबंधित कर्मचारी के वेतन से बसूल की जाएगी। यह व्यवस्था अनावश्यक सप्लाईए अनुशासनहीनता तथा परिचालन अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से लागू की गई है। विभाग ने यह भी कहा कि आगामी समीक्षा में प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत प्रगति और उत्तरदायित्व का मूल्यांकन किया जाएगा।

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### मडलोई के अब तक के कार्यकाल में पुलिस दागदार

मडलोई के अब तक के कार्यकाल में पुलिस दागदार हो गई है। अब इन दागों को मिटाना संभव नहीं है। कप्तान भले ही अपनी पीठ थपथपा लें, लेकिन हकीकत तो यही है कि इनके अब तक के कार्यकाल में मुख्यालय के दो थाना प्रभारी अपराधों के जाल में फंस गए हैं। यह भी सोचने वाला विषय है कि जो पुलिस दूसरों को अपराधी साबित करती थी, आज वही पुलिस इन अपराधों में घिर गई है। भ्रष्टाचार इस हद तक बड़ा कि लोकायुक्त को दो थाना प्रभारियों पर अलग-अलग मामलों में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करना पड़ा। हाल में तो एक मामले में एक पुलिसकर्मी को गिरफ्तार करने में लोकायुक्त को पसीने आ गए। लोकायुक्त टीम देख यह पुलिसकर्मी रिश्वत की राशि लेकर फरार हो गया। फिर क्या था आनन-फानन में देर रात लोकायुक्त ने उस पुलिसकर्मी सहित थाना प्रभारी पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कर लिया। अब आप ही बताईए की जब ईमानदार कप्तान जिले में है तो इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा कौन दे रहा। हम तो यही कहेंगे कि साहब अब तक के आपके कार्यकाल में भ्रष्टाचार बढ़ा है और वर्दी दागदार हुई ।

### चुनाव में कहीं पर निगाहें और कहीं पर निशाना

एक राष्ट्रीय पार्टी की फायर ब्रांड नेत्री बीते कुछ दिनों से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर रही हैं। भले ही उन्होंने उस सीट का नाम यूपी के राज्य से बताया हो, लेकिन सूत्र बताते हैं कि वह एमपी की हाईप्रोफाईल सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। नेत्री की कहीं पर निगाहे और कहीं पर निशानेबाजी को समझना बेहद पैंचीदा है। क्योंकि वह राजनीति की पाठशाला की बहुत पुरानी छात्रा हैं। उन्होंने सियासत में कई भू-चाल लाए हैं। उनके इशारे पर राज्यों की सरकारें तक हिल जाती हैं। अगर वह न होती तो एक राज्य में इस राष्ट्रीय पार्टी की सरकार आना संभव नहीं था। सरकार उनके नाम पर बनी और फिर उन्हीं को उस पार्टी ने दरकिनार कर दिया था। परन्तु पार्टी ने भले ही उनके साथ खेल खेला हो पर उनकी लोकप्रियता को देखकर पार्टी आज भी उनकी हर बात मानने को तैयार रहती है, क्योंकि उनका कद बेहद बड़ा है।

### ...आखिर में बात बेशर्म नेताओं की...

...आखिर में बात कर लेते हैं शहर के उन बेशर्म नेताओं की जो बंडा नाले की तरफ अपनी निगाहें नहीं उठा रहे। क्योंकि इस बंडा नाले ने इनकी गंदी राजनीति की पोल खोली है। मैं तो यही कहूंगा कि अगर जरा सी शर्म बची हो तो बंडा नाले का निर्माण करा दीजिए।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# डीजे की तेज आवाज रोकने मशीन से जांच करने सड़क पर उतरे पटेल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। इस समय शादी-विवाह का सीजन जोरों पर है। इन शादी विवाहों में डीजे की ध्वनि तेज होने से कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जानकारों की माने तो 100-120 डेसिबल तक बजने वाले डीजे हृदय रोग, ब्लड प्रेशर और यहां तक की ब्रेन हैमरेज का खतरा बढ़ा देते हैं।**

इसी को रोकने के लिए टीकमगढ़ के ट्राफिक प्रभारी कैलाश पटेल सड़कों पर उतरे और उन्होंने देर रात्रि डीजे की ध्वनि को चैक करने के लिए डेसिबल मापने की मशीन का उपयोग किया।

देर रात्रि ट्राफिक प्रभारी कैलाश पटेल अपने अमले के साथ ट्राफिक की व्यवस्था तो संभाल ही रहे थे साथ ही अपने सुरक्षाकर्मी के साथ डेसिबल मशीन को लेकर बारातों में चलने वाले डीजे के करीब खड़े होकर उसकी भी जांच करते नजर आए।

हम आपको ज्ञात करा दें कि अस्पताल से लेकर संयुक्त कार्यालय के समीप अधिक मैरिज गार्डन होने के कारण यहां विवाह समारोहों के दौरान ट्राफिक जाम हो जाता है। इसी को देखते हुए ट्राफिक पुलिस पहले से ही तैयारी कर लेती है। इतना ही नहीं यहां के रहवासी डीजे की तेज आवाज से परेशान थे, तो अब पुलिस ने इस आवाज पर रोक लगाने के लिए भी कमर कस ली है। पुलिस के जवान अब शादियों में बजने वाले डीजे के डेसिबल को चैक करने के लिए मशीन से जांच कर रहे हैं।

## आज होगी संयुक्त कार्यालय में टीएल बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने पुलिस सख्त



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए टीकमगढ़ पुलिस इन सख्त दिखाई दे रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तमाम थाना क्षेत्रों में वाहनों की चैकिंग की जा रही है।**

कप्तान के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में पुलिस ने 328 वाहनों की जांच-पड़ताल की। इसमें से 51 वाहनों पर 16 हजार 900 रुपए के चालान काटकर कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि यह चैकिंग अवैध गतिविधियों को रोकने एवं सड़क सुरक्षा अभियान के तहत की जा रही है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को सुरक्षित रहने उन्हें दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि लोगों को सुरक्षित करना भी हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए लोगों को रोककर उनके वाहनों की जांच पड़ताल के साथ उन्हें समझाईश देकर चालानी कार्यवाही की जाती है।

## मत्स्य संपदा योजना के आवेदन 8 तक जमा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्रीमति मेघा गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समस्त गतिविधियों हेतु सभी वर्ग के आवेदकों से आवेदन आंमत्रित किये गये है। योजना का कियान्वयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा।**

जिले के पात्र इच्छुक आवेदक आगामी 8 दिसंबर को शाम 5 बजे तक अपने आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ मे जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन मान्य नही होगें। योजना की बिस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला टीकमगढ़ से प्राप्त की जा सकती है।

# संडे ऑन साइकिल का आयोजन, युवाओं ने दिया संदेश



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ में रविवार को केंद्र सरकार के शिफ्ट इंडियाश् कार्यक्रम के तहत श्संडे ऑन साइकिलश् का आयोजन किया गया। गंजी खान स्टेडियम स्थित साई सेंटर से शुरू हुई इस साइकिलिंग रैली में खिलाड़ीए युवा और मीडियाकर्मी शामिल हुए।**

साई केंद्र प्रभारी देवेश चंदेल ने बताया कि यह पहल केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉण् मनसुख मंडाविया के दृष्टिकोण के तहत शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य नियमित शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। डॉण् मंडाविया श्विकसित भारतश् के दृष्टिकोण के तहत फिटनेस को एक स्वस्थ और मजबूत राष्ट्र के निर्माण का अहम आधार मानते हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण साई टीकमगढ़ की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम शारीरिक फिटनेस की सामूहिक जिम्मेदारी को भी रेखांकित करता है। इसका उद्देश्य केवल एथलीटों तक सीमित न होकरए हर नागरिक को अपनी दैनिक दिनचर्या में शारीरिक गतिविधि को शामिल करने और एक स्वस्थए फिट भारत की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करना है।

शहर भ्रमण के बाद गंजी खाना ग्राउंड में साइकिल रैली का समापन हुआ। इस दौरान रैली में शामिल लोगों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर हॉकी कोच प्रिंस सेनए सुधीर जैनए उवैस खानए शिवेंद्र सिंह सहित कई खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री उमा की सभा में दिखा जनसैलाब, यात्रा शुरू

**खरगापुर के गर्रोली से यात्रा पहुंचेगी डूंडा ग्राम**

**उमा भारती पैदल कम वाहन से करेंगी यात्रा**



**नवभारत न्यूज, खरगापुर। एक यात्रा मां के नाम की शुरूआत आज पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गर्रोली से कर दी है। यह यात्रा गर्रोली से डूंडा जाएगी जहां इसका समापन होगा।**

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने बताया है कि यह यात्रा उनके पुराने दिनों को याद दिलाएगी साथ ही मां को याद करते हुए इस यात्रा को किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि पैरों में तकलीफ होने के कारण मैं पैदल कम बल्कि वाहन का ज्यादा सहारा लूंगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मां के लिए समर्पित है।

जानकारी के अनुसार यह यात्रा गर्रोली से शुरू होकर ग्राम कछियाखेरा, सूरजपुर तिगैला, इमलाना, लखेरी, कैलपुरा तिगैला, बनेरा, तालमऊ गुखरई, मड़खरा तिगैला, बुड़ेरा, दरगुंवा, बड़ागांव से होते हुए डूंडा पहुंचेगी। यह यात्रा तीन दिन की रहने वाली है। इसका समापन 2 दिसम्बर को डूंडा में किया जाएगा। जहां पूर्व मुख्यमंत्री की एक विशाल आमसभा भी होगी।


यहां हम आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री ने जब यात्रा का शुभारंभ किया तो उस दौरान हजारों की संख्या में जल सैलाव दिखाई दिया। वैसे पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा की फायर ब्रांड नेता मानी जाती हैं। इसलिए उनके चाहने वाले उनसे मिलने एवं उनको सुनने कहीं तक भी जाते हैं।

ऐसा कई बार देखा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की सभाओं में विपक्षी नेता भी गुपचुप तरीके से उनका भाषण सुनते दिखाई दिए। उनके मुखर वाणी ही उनकी सबसे बड़ी पहचान है।

यात्रा शुभारंभ के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने आम लोगों के सामने अपने पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने अपने परिवार एवं ननिहाल के बारे में लोगों से चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का कहना है कि मैं अपने पिछले दिनों को याद करने के लिए इस यात्रा को निकाल रही हूं। मेरी मां भी गर्रोली से एक समय डूंडा पैदल या बैलगाड़ी से जाया करती थी। इसलिए मेरे मन में आया कि क्यों न मां की तरह मैं भी एक यात्रा गर्रोली से डूंडा की करूं और उनको याद करते हुए इस यात्रा का प्लान तैयार कर राहुल को बताया। राहुल से कहा कि एक यात्रा अब मां के नाम गर्रोली से डूंडा त की जाएगी।

**लापरवाही** ▶ **दूध डेयरियों का नहीं लिया जाता वर्षों सेम्पल**

# बगैर लाइसेंस के चल रहीं कई दूध डेयरियां, प्रशासन मौन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर सहित जिले के कस्वाई इलाकों में इन दिनों हर गली-मुहल्लों में दूध डेयरी की दुकानें शासन के नियमों को धता बताकर संचालित की जा रही है। जिसमें अधिकांश दूध डेयरी का संचालन करने वाले लोगों के पास लाइसेंस भी नही है ऐसी जानकारी सूत्रों के हवाले से प्राप्त हुई है। जबकि शासन के नियम अनुसार डेयरी का संचालन करने बाले लोगों को इस कारोबार को शुरू करने से पहले एफएसएसएआई लाइसेंस और स्थानीय प्रशासन की अनुमति लेने का प्रावधान है।**

दरअसल नियमों के मुताबिक दूध डेयरी दुकान खोलने के लिए दुकानदारों को शासन की गाईडलाईन का पालन करना अनिवार्य है। जिसमें दुकानदार को जमीन की उपलब्धता, आवश्यक मशीनरी, पर्याप्त पूंजी, दूध भंडारण की सुविधा, और सबसे महत्वपूर्ण एफएसएसएआई लाइसेंस और स्थानीय प्रशासन की अनुमति की लेना आवश्यक है। संचालन के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले दूध की आपूर्ति, उचित साफ-सफाई, और मिलावट रहित दूध सुनिश्चित करना होगा। विक्रेताओं को ऑनलाइन आवेदन करके अपने क्षेत्र के दुग्ध उत्पादन कार्यालय से संपर्क करके सारी प्रक्रिया पूर्ण करने का प्रावधान है। जिसमें अपनी दुकान या परिसर का किराया समझौता प्रमाण पत्र,पशुधन अच्छी नस्ल की दुधारू गायें या भैंसें, या फिर किसी कंपनी से अनुबंध करके दूध का व्यवसाय करना, मशीनरी और उपकरण दूध के भंडारण के लिए मिल्क टैंक, कोल्ड स्टोर की व्यवस्था, दूध ठंडा करने की मशीनें, और अन्य संबंधित उपकरण, प्रशिक्षण और अनुभव डेयरी व्यवसाय की अच्छी समझ, या डेयरी फार्मिंग में व्यावहारिक अनुभव। संबंधित विभाग से अनुशंसा और प्रक्रिया अनुमति और लाइसेंस लेना अनिवार्य है। स्थानीय प्रशासन से आवश्यक अनुमति प्राप्त करें। अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और फोटो पहचान प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज तैयार रखें।

स्थान का सत्यापन अपनी डेयरी की लोकेशन या दुकान के क्षेत्र का सत्यापन करवाना होगा। ऑनलाइन आवेदन डेयरी व्यवसाय के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। आवेदन फॉर्म अपने क्षेत्र के दुग्ध उत्पादन क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करें। सत्यापन और पात्रता सत्यापन के बाद ही आपको योजना का लाभ मिलेगा।

**दूध डेयरियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य**

इस कारोबार को करने से पहले विक्रेता को संबंधित विभाग से अनुशंसा की प्रक्रिया अनुमति और लाइसेंस लेना अनिवार्य है। स्थानीय प्रशासन से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने का प्रावधान है। जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और फोटो पहचान प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज होने के बाद प्रक्रिया को अमल में लाया जाता है।

## 22 को रवाना होगी तीर्थ दर्शन यात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के तीर्थ यात्रियों को 22 दिसम्बर को रामेश्वर मुदरई यात्रा जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक पात्र हितग्राही इस यात्रा में रामेश्वर मुदरई जाने हेतु अपना आवेदन पत्र 8 दिसम्बर तक संबंधित जनपद पंचायत,नगर पालिका,नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं।**

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत यदि एक ही व्यक्ति द्वारा जनपद,नगर परिषद में पृथक-पृथक आवेदन किया गया है, तो आवेदन निरस्त हो सकता है। इसलिये जो व्यक्ति जिस नगर

# ऋतुराज ने बढ़ाया टीकमगढ़ का मान




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह के भाई लक्ष्मन सिंह के पुत्र ऋतुराज ने राजस्थान में एक हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गैम्स के स्कीट इवेंट्स में शानदार खेल का प्रदर्शन कर टीकमगढ़ का मान बढ़ाया है।**

जानकारी के मुताबिक ऋतुराज बुन्देला देवरदा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने गांव में रहने के बाद भी अपनी एक अलग पहचान बना ली है। जबकि इनके परिवार का पुराना राजनैतिक सफर है। पूरा परिवार राजनीति में एक अलग ही नाम रखता है, लेकिन ऋतुराज ने अपने खेल की दम पर पूरे भारत में अपना अलग नाम रोशन किया है। ऋतुराज भारत के अलावा विदेशों में होने वाली शूटिंग प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। बीते दिनों भी उन्हें एक बड़ा मैडिल खेल में हासिल हुआ था। हाल में उन्होंने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गैम्स के स्कीट इवेंट्स में शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपना जलवा बिखेरा है।